# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–31 अगस्त 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज नेपालगंज रोड–नानपारा–बहराइच रेलखण्ड और इस खण्ड पर रेल सेवा की शुरूआत के लिये बहराइच जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस रेल सेवा के कारण अब बहराइच क्षेत्र की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।

***यह कनेक्टिविटी हमारे लिए केवल बॉर्डर क्षेत्र की सिक्योरिटी के लिए और सुविधा के लिए नहीं, बल्कि इस पूरे क्षेत्र की प्रोस्पेरिटी के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है इसके कारण इस क्षेत्र में विकास की अनंत संभावनाएँ बढ़ेंगी। उद्योग लगेंगे, व्यापार बढ़ेगा, पर्यटन और कृषि को एक नया आयाम मिलेगा।***

कार्यक्रम में केन्द्रीय रेल एवं सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। डुमरियागंज के सासंद जगदम्बिका पाल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**********

सरकार ने देश में चिप विनिर्माण तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक लाख सत्ताइस हजार करोड़ रुपये के बजट के साथ सेमीकॉन कार्यक्रम के दूसरे चरण को अधिसूचित कर दिया है। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इससे आगामी वर्षों में वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार में भारत की हिस्सेदारी करीब दस प्रतिशत हो सकती है।

**वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग को भरोसा है कि आने वाले दशकों में भारत बड़े निवेश के लिए एक प्रमुख केंद्र बनेगा। इसका प्रमाण हमें सेमीकॉन 1.0 के तहत मंजूर की गई परियोजनाओं से मिलता है। इनमें कई इकाइयों ने भूमिपूजन के केवल 13 महीने के भीतर व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया है। इसी तेज गति ने वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग का भारत पर भरोसा और मजबूत किया है।**

**********

नेपाल में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ सौ तीन हो गई है। चार हजार दो सौ सैंतालीस से अधिक लोग अब भी लापता हैं। सभी आठ प्रभावित जिलों में राहत और बचाव अभियान तेजी से जारी है। एक रिपोर्ट–

***नेपाल में पाचं से अधिक जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़े ढांचों में नौ सौ से अधिक श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। भारत और अन्य देशों विशेषज्ञों के सहयोग से बचाव दल त्रिशुली–तीन–ए सहित कई जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़ी सुरंगों में तलाश की जा रही है। भारतीय बचाव दल, चिलिमे और लांगटांग में पनबिजली संयंत्रों पर नेपाल की सेना के साथ मिलकर काम कर रहा है। लगभग 21 हजार सुरक्षाकर्मी राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। समाचार कक्ष से वैष्णवी।***

इस बीच, नेपाल में भीषण बाढ़ और जलग्रहण वाले क्षेत्रों में तेज बारिश के कारण बिहार में गंडक और कोसी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। नदी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए वाल्मीकिनगर बैराज के सभी छत्तीस गेट और कोसी स्थित बीरपुर बैराज के छप्पन में से पच्चीस गेट खोल दिए गए हैं।

**********

कौशम्बी जिले के पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में आज एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि पन्द्रह लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहां के जिलाधिकारी अमित पाल ने बताया कि प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर राहत कार्यों में जुट गयी है।

***जनपद प्रयागराज–कौशांबी के बॉर्डर की यह घटना है। लगभग 10:40 बजे इसकी सूचना प्राप्त हुई थी। पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। अभी मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। लगभग 3 की मृत्यु की सूचना है, बाकी अभी उपचार चल रहा है और राहत कार्य भी जारी है।***

**********

हापुड़ जिले में बीती रात गंगा एक्सप्रेस–वे पर एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी। बदायूं से दिल्ली जा रही एक कार सिम्भावली थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इस हादसे में घायल किशोर को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

**********

प्रदेश भर में हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है। बलिया और फर्रूखाबाद में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जल स्तर बढ़ने के बाद राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। वाराणसी में गंगा और वरुणा नदी के जल स्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन ने इक्सठ बाढ़ राहत शिविर, इक्कीस बाढ़ चौकियां और एक सौ अन्नठानवे नावों की व्यवस्था की है। वहां गंगा नदी चेतावनी बिंदु के पास पहुंच गयी है। इधर गोरखपुर और आसपास के इलाकों में आज दोपहर बाद से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य भर में पांच सितम्बर तक कहीं कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी है।

**********